रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
PART II—Section 3—Sub-section (i)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 674] नई दिल्ली, मंगलवार, दिसम्बर 16, 2014/अग्रहायण 25, 1936
No. 674] NEW DELHI, TUESDAY, DECEMBER 16, 2014/AGRAHAYANA 25, 1936

## वित्त मंत्रालय

## (आर्थिक कार्य विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 15 दिसम्बर, 2014

**सा.का.नि. 897(अ).**—केंद्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उप-धारा (2) के खंड (घ) और (ङ) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थातः-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारंभ-** (1) इन नियमों को एक रुपया के करेंसी नोट का मुद्रण नियम, 2015 कहा जाए।

(2) ये 01 जनवरी, 2015 से प्रवृत्त होंगे।

**2. मुद्रणः-** एक रुपया के करेंसी नोट, परिचालन के लिए भारत सरकार के प्राधिकार से जारी करने के लिए नोट मुद्रणालयों में मुद्रित किए जाएंगे।

**3. एक रुपया के करेंसी नोट की विमाएं और संरचनाः-** एक रुपया के करेंसी नोट, नीचे दी गई सारणी में यथाविनिर्दिष्ट विमाओं और संरचनाओं के अनुरूप होंगे, अर्थात्:-

**सारणी**

| नोट का अंकित मूल्य | आकृति और आकार | कागज संरचना |
|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) |
| एक रुपया का करेंसी नोट | आयताकार 9.7x6.3 सें.मी. | 100 प्रतिशत (काटन) रेग कंटेट |
| | | कागज का भारः- 90 जीएसएम (ग्राम प्रति वर्ग मीटर) |
| | | कागज की मोटाईः- 110 माइक्रोंस |
| | | मल्टीटोनल वाटरमार्क्सः-<br>(i) 'सत्यमेव जयते' शब्दों के बगैर पटल में अशोक स्तंभ। |

| | | |
|---|---|---|
| | | (ii) मध्य भाग में अप्रकट संख्या '1'<br>(iii) दायीं ओर ऊर्ध्वतः अप्रकट शब्द 'भारत' क्रमांकित होगा। |

**4. डिजाइन:-** एक रुपए के करेंसी नोटों का डिजाइन निम्नानुसार होगा:-

(1) **अग्रभाग-** (क) इस भाग में श्री राजीव महर्षि, वित्त सचिव के द्विभाषीय हस्ताक्षर के साथ **'Government of India'** शब्दों के ऊपर **"भारत सरकार"** शब्द और 2015 के **"₹"** प्रतीक के साथ नए एक रुपया के सिक्के की प्रतिकृति और संख्या पैनल में बड़े अक्षर में **'L'** अंतर्विष्ट होगा।

(ख) नोट के निचले भाग में दायीं ओर संख्यांकन काला होगा।

(2) **पृष्ठभाग.-** इस भाग में पुष्प डिजाइन वाले **"₹"** प्रतीक के साथ एक रुपया के सिक्के के चित्रण पर वर्ष 2015 के साथ **'Government of India'** शब्दों के ऊपर **"भारत सरकार"** शब्द अंतर्विष्ट होंगे और इसके चारों ओर के डिजाइन में तेल खोज प्लेटफार्म, **'सागर सम्राट'** का चित्र और साथ ही भाषा पैनल में पंद्रह भारतीय भाषाओं में प्राधिकृत प्रतिदान मूल्य के साथ नीचे की ओर बीच में अंतरराष्ट्रीय संख्या में वर्ष संख्या अंतर्विष्ट होगी।

(3) **संपूर्ण रंग योजना.-** एक रुपया के करेंसी नोट का रंग अग्रभाग में प्रचुरतया गुलाबी हरा और पृष्ठभाग में अन्य रंगों का संयोजन होगा।

**(5) मानक भार और अनुज्ञात उपचार.-** एक रुपया के करेंसी नोट के मुद्रण का मानक कागज भार और अनुज्ञात उपचार (सह्यता) नीचे की सारणी में यथाविनिर्दिष्ट होगा:-

**सारणी**

| अंकित मूल्य | प्राचल | मानक भार | अनुज्ञात उपचार (सह्यता) |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक रुपया | प्रयुक्त कागज का ग्राम भार | 90 जीएसएम (ग्राम प्रति वर्ग मीटर) | +/-3 जीएसएम |
| | कागज की मोटाई | 110 माइक्रोंस | +/- 5 माइक्रोंस |

[फा. सं. 3/9/2014-सीवाई-II]

पंकज गुप्ता, अवर सचिव (एसपीएमसी और सिक्का)

**MINISTRY OF FINANCEr**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 15th December, 2014

**G.S.R. 897(E).**—In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of Section 24 of the Coinage Act, 2011 (11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:-

**1. Short title and commencement.**–(1) These rules may be called the Printing of One Rupee Currency Notes Rules, 2015.

(2) They shall come into force with effect from the 1st January, 2015.

**2. Printing.-** The One Rupee Currency Notes shall be printed at the Note Printing Presses for issue under the authority of the Government of India for circulation.

**3. Dimensions and composition of One Rupee Currency Note.-** The One Rupee Currency Notes shall conform to the dimensions and composition as specified in the Table below namely:-

**TABLE**

| Denomination of Note (1) | Shape and Size (2) | Paper Composition (3) |
|---|---|---|
| One Rupee Currency Note | Rectangular 9.7 x 6.3 cms | 100 per cent (Cotton) Rag Content. |

| | | |
|---|---|---|
| | | Weight of Paper:- 90 GSM (Grams per Square Meter) |
| | | Thickness of Paper:- 110 microns |
| | | Multitonal Watermarks:-<br>(i) Ashoka Pillar in the window without words'**सत्यमेव जयते**'.<br>(ii) Hidden Numeral '1' in the centre.<br>(iii) Hidden Word '**भारत**' vertically arranged on right hand side. |

4. **Design .-** The design of One Rupee Currency Notes shall be as under :-

(1) **Obverse** .- (a) It contains the words "**भारत सरकार**" above the words "Government of India" with the bilingual signature of Shri Rajiv Mehrishi, Finance Secretary and with the replica of New Rupee One coin with ₹ symbol of 2015 issued with '**सत्यमेव जयते**' and capital insert letter '**L**' in numbering panel.

(b) The numbering shall be in black at right hand bottom portion of the Note.

(2) **Reverse** .- It contains the words '**भारत सरकार**' above the words "Government of India" with the year 2015 on the representation of the One Rupee coin with ₹ symbol having floral design and the surrounding design consists of picture of 'Sagar Samrat', the oil exploration platform and with the authentic rendering of value in fifteen Indian languages in language panel with the year figure shown on the centre bottom in international number.

(3) **Overall Colour Scheme.-** The colour of one Rupee Currency Note shall be predominantly pink green on obverse and reverse in combination with others.

5. **Standard weight and remedy allowed.-** The Standard paper weight and remedy (tolerance) allowed in printing of One Rupee Currency Notes shall be as specified in the Table below :—

**TABLE**

| Denomination | Parameter | Standard weight | Remedy (Tolerance) allowed |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| Rupee One | Grammage of Paper Used | 90 GSM (Grams per Square Meter) | +/- 3 GSM |
| | Thickness of Paper | 110 Microns | +/- 5 Microns |

[F. No. 3/9/2014-Cy.-II]

PANKAJ GUPTA, Under Secy. (SPMC & Coin)

Printed by the Manager, Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054.